# देवरी मंडी में डाक नीलामी व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

## किसानों से व्यापारी खरीदी करेंगे सिर्फ मंडी प्रांगण से



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर देवरी कृषि उपज मंडी में किसान हित में डाक नीलामी व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुनव्वर खान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मंडी अधिकारी, कर्मचारी, किसान संगठन के प्रतिनिधि और व्यापारी शामिल हुये। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि किसान बिना किसी परेशानी के मंडी में अपनी उपज ला सके और नीलामी की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो। एसडीओ ने मंडी में नियमित डाक नीलामी संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी मंडी में उपस्थित होकर डाक के माध्यम से फसल की खरीदी करें, न कि अपनी दुकान या मंडी परिसर से बाहर जाकर। मंडी परिसर में किसानों के लिये ठहरने, कैंटीन, शुद्ध पेयजल, साफ सफाई और सुरक्षा जैसे प्रबंधों की सख्त निगरानी के निर्देश दिये। सीसीटीवी कैमरे चालू रखने और लंबे समय से खड़े गैर जरूरी वाहनों को हटाने के निर्देश दिये। बैठक में व्यापारियों ने ई.मंडी ऐप की तकनीकी समस्याओं की जानकारी दी, साथ ही तौल पत्रक के माध्यम से फसल खरीदी की वैकल्पिक प्रक्रिया का सुझाव रखा। इसपर अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा किसानों को उचित मूल्य दिलाने की है और ई.मंडी एप के माध्यम से ही समस्त प्रक्रियायें अनिवार्य हैं। किसान नेता रघुराज सिंह तोमर ने मंडी में नियमित डाक कराने और दुकान से फसल खरीदी पर रोक लगाने की मांग की, जिससे किसानों को सही दाम मिल सके। मंडी सचिव रामचरण ठाकुर ने बताया कि मंडी में डाक नीलामी के माध्यम से फसल खरीदी जारी है और किसानों को गेट प्रवेश पर्ची की सुविधा ऑनलाइन या मंडी गेट पर मिल रही है। ई.मंडी के अंतर्गत सागर संभाग की 18 मंडियां शामिल हैं, जिनमें देवरी मंडी भी है। मंडी में पीओएस मशीन से अनुबंध, ऑनलाइन तौल और भुगतान की प्रक्रिया को सुलभ बनाया है। इस अवसर पर किसान नेता विजय राजपूत, हनीफ खान, संतोष तिवारी, अभिलाष सोनी, चंद्रशेखर दीक्षित, अजय बहादुर, व्यापारी संघ के मनोहर लाल गुप्ता, जितेंद्र जैन, बबलू पांडे, बालचंद साहू, अन्नू पांडे, चंदू पांडे आदि मौजूद रहे।

## निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया अवकाश के दिनों में भी होगा जमा

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून नियत होने के कारण अवकाश के दिनों में भी कैश काउंटर खोले जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। सहायक आयुक्त एवं बाजार प्रभारी आनंद मंगल गुरु ने बताया कि 15 जून के उपरांत किराया जमा करने पर अधिभार, जुर्माना करने की कार्यवाही की जावेगी। नगर निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया जिन दुकानदारों द्वारा अभी तक जमा नहीं किया गया है वे अपने किराये की राशि 15 जून तक आवश्यक रूप से जमा कर दे, क्योंकि 15 जून के उपरांत अधिभार, जुर्माना करने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिये संबंधित दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## सामुदायिक भवन का किया विधायक ने लोकार्पण



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन ने वल्लभ नगर वार्ड में जनभागीदारी एवं विधायक निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया, उल्लेखनीय है कि जाटव समाज द्वारा इस भवन के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराई गई थी और इसके निर्माण में भी सहयोग प्रदान किया, उन्होंने यह भवन मातृ शक्ति को समर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक जैन ने कहा कि आज हम इस सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर रहे हैं यह हमारी माताओं बहनों के लिए एक बड़ी सुविधा का रूप है इसके माध्यम से हमारे लोगों के धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये लोगों यहां वह नहीं भटकना पड़ेगा। जब तक समाज में माताओं बहनों का सम्मान नहीं होगा वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता है, हमारा भारत देश हमेशा से ही माताओं और बहनों के सम्मान के लिये जाना जाता है और यह हम जो सामुदायिक भवन, मंगल भवन का निर्माण करते हैं यह हमारी मातृ शक्ति को समर्पित है। इस अवसर पर रश्मि नरेश धानक, डॉ. ओपी शिल्पी, जयराज जाटव, भोला अहिरवार, लक्ष्मण प्रसाद साहू, राहुल नामदेव आदि उपस्थित थे।

## जगंल की भूमि में जुताई कर रहे अलग-अलग स्थान से जप्त किए 2 ट्रैक्टर



**मालथौन, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र में अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं रातों रात वन भूमि जुताई कर खेती हो रही है हजारों एकड़ भूमि पर हर साल खेती कराई जा रही है बीते दिनों वनभूमि पर अतिक्रमण कर ट्रेक्टर से जुताई कर रहे, दो अलग-अलग स्थानों पर वन परिक्षेत्र की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये दो ट्रेक्टर पंजा मशीन को जब्त जप्त उनके विरुद्ध राजसात की कार्यवाही प्रस्तावित की गई। मामला वन परिक्षेत्र के नोनिया के शेषई और मड़ावन गौरी वीट से दोनों को पकड़ा है। विभाग ने कार्यवाही करते हुये मामला पंजीबद्ध किया हैं। जानकारी के अनुसार 9 जून की मध्य रात्रि में वन परिक्षेत्र मालथौन की बीट नौनीया के कक्ष क्र. पीएफ1168 में गस्त के दौरान ट्रैक्टर द्वारा अतिक्रमण का प्रयास करते पाये जाने पर ट्रेक्टर जप्त कर राजसात की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। दूसरी कार्यवाही 12 जून को 1.15 मध्य रात्रि पर वन परिक्षेत्र मालथोन की बीट मडावनगोरी के कक्ष क्र. आरएफ 154 में रात्रि गश्त के दौरान ट्रैक्टर द्वारा अतिक्रमण का प्रयास करते पाये जाने पर ट्रेक्टर जप्त कर राजसात की कार्यवाही प्रारंभ की गयी हैं। जप्ती कार्यवाही में रेंजर बीएन सोलंकी, डिप्टी रेंजर अनुराग श्रीवास्तव, नरेंद्र आर्य, रविंद्र अहिरवार, भानुप्रताप सिंह, गिरीदास शर्मा, सतह जैन, पवन दांतरे आदि शामिल रहे।



**सागर, देशबन्धु।** शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला से भोपाल निवास पर महापौर संगीता तिवारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील तिवारी ने भेंट कर सागर में बीते दिन आयोजित हुये कार्यक्रम की सफलता पर शुभकामनायें प्रेषित की। इस अवसर पर नवीन भट्ट, राजकुमार पटेल, सोमेश जड़िया, रिशांक तिवारी उपस्थित थे।

## सीमांकन के दौरान किसान चढ़ा पेड़ पर



**मालथौन, देशबन्धु।** सीमांकन के दौरान किसान पेड़ पर चढ़ गया, जिससे पटवारी की सांसे फूल गई, पेड़ पर चढ़कर किसान मरने की धमकी देने लगा। मौके पहुची पुलिस की समझाइश के बाद किसान को पेड़ से नीचे उतारा गया। बिना सीमांकन के पटवारी वापिस लौट आया। मामला मालथौन तहसील के देवपुरा मौजा का हैं, हल्का पटवारी भदौरिया ने बताया कि देवपुरा में सीमांकन के लिये आया था, नाप को लेकर अनावेदक असंतुष्ट हो गया और पेड़ पर चढ़ गया। पुलिस की समझाइश के बाद किसान उतर आया। हालांकि पूरे मामले की जानकारी देने अधिकारी अनभिज्ञता जाहिर कर रहे हैं।

## विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

### विद्युत आपूर्ति की कटौती चिंता का विषय, वर्षा पूर्व तैयारी दुरुस्त करें



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र में बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर प्रतिदिन क्षेत्रवासी शिकायतें करते हैं। इसी अनुक्रम में विधायक प्रदीप लारिया ने अधीक्षण अभियंता चंद्रेखा प्रभाकर सागर वृत एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। विधायक लारिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में बिना सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। गर्मी के मौसम में यह स्थिति और भी परेशानी का कारण बन रही है। क्षेत्रवासी लगातार कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर शिकायतें लेकर आते है। उन्होंने सख्त निर्देश दिये की बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की कटौती बर्दाश्त नहीं की जायेगी। क्षेत्र की जाले या खराब ट्रांसफार्मर, जर्जर एवं पुराने तारों की वजह से बिजली आपूर्ति में हो रही बाधाओं को अविलंब सुधार कर आपूर्ति बहाल करने निर्देशित किया। विद्युत आपूर्ति की कटौती होना चिंता का विषय है, इससे जनता आक्रोशित है। उन्होंने वर्षों पूर्व शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निर्बाध व सुचारू रखने विद्युत व्यवस्था के लिये तैयारी करने आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगर जरूरी हो तो मेंटेनेंस के लिये विद्युत आपूर्ति बंद करने से पहले सोशल मीडिया या अखबारों के माध्यम से जनता को पूर्व में सूचना दी जाये जिससे वह परेशान न हो और अपने जरूरी कार्यों का निपटान कर ले। उन्होंने अधिकारियों से विद्युत सब स्टेशन लुहारी, बामोरा एवं सानोधा से विद्युत व्यवस्था का शीघ्र क्रियान्वयन कराने, विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल चोरी रोकने का प्रयास करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि मकरोनिया नपा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में बाधक प्राइवेट या निजी संस्थाओं द्वारा सरकारी जगह का उपयोग कर ट्रांसफार्मर स्थापित किये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में कार्यपालन अभियंता अजित चौहान शहर, मयंक मरकाम, सहायक अभियंता अशोक सोलंकी शहर, विकाश मिश्रा उपसंभाग.1, अवनीश जारोलिया उपसंभाग.2, एसी एस पटेल वृत कार्यकाल सागर, लोकेश जोशी बंडा सहित जेई उपस्थित रहे।

## नागरिक सजगता में सबकी सुरक्षा : एसडीओपी



**शाहगढ़, देशबन्धु।** शुक्रवार को नवागत एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि दलपतपुर चौकी, बीला थाना, बरायठा थाना, बराज हीरापुर चौकी होते हुये दोपहर को शाहगढ़ थाने पहुंचे। वाल्मीकि ने नगर के पत्रकारों से मुलाकात की। इस दौरान एसडीओपी ने पत्रकारों से नगर की प्रमुख समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा कर स्थिति को जाना। उन्होंने कहा कि महिला अपराध मे कमी आये हमारी पहली प्राथमिकता हैं। बेटियों व महिलाओं के साथ छेड़छाड़ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अपराधियों में पुलिस का खौफ बना रहेगा किसी भी स्थिति में अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगा, लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसा जायेगा। एसडीओपी ने पत्रकारों से सहयोग की बात करते हुये कहा कि चौथा स्तंभ और पुलिस का तालमेल बना रहना चाहिये। वहीं इस दौरान एसडीओपी ने अपने मोबाइल नंबर सार्वजनिक कर कहा कि किसी भी वक्त कुछ भी इंफॉर्मेशन हो तो मुझे सीधे दे सकते है। उन्होंने कहा कि नगर मे जो मनचलों व बाइकर्स के द्वारा जो घटनायें हो रही है उसको लेकर हम पूरी तरह से अलर्ट है। नगर में कोई भी अप्रिय घटना ना हो उसको लेकर पुलिस मुस्तैदी से मैदान में है। वहीं ऐसी स्थिति में हर नागरिक की सजगता से सबकी सुरक्षा है, वहीं यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था, पालन कैसे करे जिसके लिये एसडीओपी ने करीब एक घण्टे तक अपने उदबोधन से किस मामले में किस तरह से सहायता प्राप्त हो सकती विस्तार से जानकारी दी। नगर के पत्रकारों ने पुलिस बल की कमी को पूरा करने की मांग करते हुये कहा कि वर्तमान शाहगढ़ क्षेत्र में पुलिस स्टॉप की कमी होने से घटनायें वारदात आदि की सभी बढ़ रही है, चौकी और थाने में पुलिस स्टॉप चाहिये ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे शाहगढ़ क्षेत्र यूपी बार्डर के अलावा सभी चारो जिला का मुख्यालय केंद्र है यहां से घटना को अंजाम देकर आरोपी सुविधानुसार जल्द ही अंदर ग्राउंड हो जाता है, पुलिस अपनी सीमा पार नहीं कर पाती। शाहगढ़ थाने में आधा ही स्टाफ है। इस अवसर पर नगर के पत्रकार सहित जनप्रतिनिधि व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने विधायक ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की



**सागर, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया ने खाद बीज की उपलब्धता बनाये रखने एसडीएम सहित विभागीय अधिकारियों के साथ शुक्रवार को सर्किट हाउस में बैठक की। विधायक ने कहा कि खरीफ सीजन के लिए जिले में खाद बीज की उपलब्धता बनाये रखने के लिये प्रयास जारी रखना चाहिये। किसान की पूरी आजीविका उच्च गुणवत्ता वाले बीज, उर्वरक और कीटनाशक पर निर्भर करती है। यदि यह कम गुणवत्ता के होंगे तो न केवल उत्पादन प्रभावित होगा बल्कि किसानों को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस दिशा उचित प्रयास करने कहा। जिससे किसानों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। जिले में किसानों को पर्याप्त यूरिया की आपूर्ति बनी रहे। डीएपी खाद को आयात करना पड़ता है, जिस कारण कृषि विज्ञान द्वारा इसकी कमी पूर्ति हेतु सप्टीट्यूट का प्रयोग करने की सलाह दी। बैठक में एसडीएम अदिति यादव, डीडीए कृषि राजेश त्रिपाठी सहित सहकारिता, कोआपरेटिव, कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

## काव्य कृति साथ आपका पाकर पर चर्चा कल

**सागर, देशबन्धु।** साहित्यिक संस्था तुलसी साहित्य अकादमी एवं हिन्दी साहित्य सृजन संघ सागर की सहभागिता में वरिष्ठ कवयित्री सुनीला सराफ की काव्य कृति साथ आपका पाकर पर चर्चा का आयोजन विवेकानंद अकादमी गोपालगंज के सभाकक्ष में 15 जून रविवार को अपराह्न 4 बजे से स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शरद सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा। उपन्यासकार आरके तिवारी एवं समालोचक डॉ. सुजाता मिश्र कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। संचालन मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी करेंगे। आयोजक संस्थाओं के पदाधिकारी अरुण दुबे, अंबिका यादव, डॉ. नलिन निर्मल, पुष्पेंद्र दुबे कुमार सागर ने सभी प्रबुद्ध जनों से इस अवसर पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## ब्राह्मण वैवाहिक पत्रिका : आज और कल 2 दिन किए जा सकते हैं बायोडाटा जमा

**सागर, देशबन्धु।** पुरोहित पुजारी विद्वत संघ और युवा सर्व ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड द्वारा ब्राह्मण समाज की वैवाहिक पत्रिका विप्र परिणय के लिये युवक युवती के बायोडाटा कल 15 जून की शाम 5 बजे तक ही जमा किये जा सकेंगे। पत्रिका का प्रकाशन अगले महीने किया जायेगा। युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने बताया कि हम पत्रिका में सिर्फ मप्र के युवक युवतियों के परिचय पत्रक ही प्रकाशित कर रहे थे पर दूसरे प्रदेश के समाज जनों ने कुछ बायोडाटा जोड़ने का निवेदन किया था तो कुछेक बायोडाटा राजस्थान, दिल्ली, गुड़गांव आदि क्षेत्रों के भी सम्मिलित कर लिये गये। सागर से प्रकाशित होने वाली वैवाहिक पत्रिका विस्तृत होगी। मप्र के हर जिले से परिचय पत्रक प्राप्त हुये हैं जिसमें सागर, छतरपुर और दमोह से संख्या अत्यधिक है। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि आज से लेकर कल शनिवार को शाम 5 बजे तक बायोडाटा निर्धारित प्रारूप में निर्धारित स्थानों के साथ वॉट्सएप नंबर 9302492041 पर स्वीकार किये जा सकेंगे। इसके बाद पत्रिका में समाहित होने वाली अन्य प्रक्रिया पूर्ण कर अगले महीने प्रकाशित की जायेगी।

## महापौर ने मुख्यमंत्री से भेंटकर राजघाट बांध की ऊंचाई बढ़ाने, 8 सीटर विमान और एयरपोर्ट निर्माण शुरू कराने का आग्रह किया



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी ने शुक्रवार को भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर ने मुख्यमंत्री को सागर नगर की जलप्रदाय व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिये राजघाट बांध की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और राजघाट बांध की ऊंचाई बढ़ाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने तथा मुख्यमंत्री की घोषणानुरुप सागर में अतिशीघ्र एयरपोर्ट का निर्माण प्रारंभ कराने का आग्रह किया। तब तक पीएमश्री पर्यटन सेवा के तहत 8 सीटर विमान की हवाई सुविधा जल्द से जल्द सागर से भी शुरू कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने महापौर संगीता तिवारी की मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, नवीन भट्ट, राजकुमार पटेल, सोमेश जड़िया, रिशांक तिवारी उपस्थित थे।

## भाजपा ने दी विमान हादसे में दिवंगत जनों को श्रद्धांजलि



**सागर, देशबन्धु।** अहमदाबाद में हुये विमान हादसे को लेकर देश में शोक की लहर है। सागर के हृदय स्थल तीनबत्ती पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, शैलेश केशरवानी, जगन्नाथ गुरैया, लक्ष्मन सिंह, श्रीकांत जैन, सुषमा यादव, राहुल साहू, विकास केशरवानी एवं पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कैंडल जलाकर एवं दो मिनिट का मौन धारण कर हादसे में दिवंगत जनों को श्रद्धांजली अर्पित की एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना की गई। श्रद्धांजली उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुये श्याम तिवारी ने कहा अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान दुर्घटना में बड़ी संख्या में भाई बहनों की दुखद मुत्यु बहुत ही असहनीय है और इससे पूरा देश स्तब्ध है। हम भाजपा की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस कठिन समय में पूरा देश पीडित परिवारों के साथ है। श्रद्धांजली सभा में रानी पराग बजाज, प्रीति केसरवानी, अजय लंबरदार, कुलदीप खटीक, दीपक जैन, आकाश ठाकुर, सोनू चौहान, चिराग सबलोक, हर्षित साहू, नमन समैया, राहुल वैघ, राहुल पडेले, कैलाश गुप्ता, अखिलेश कोठिया, सुमित यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आम जन उपस्थित रहे।

# किसान बोला: साहब मूंग खाकर देखो, जहरीली है क्या

## नायब तहसीलदार ने कहा मेरे मुंह में छाले हैं, मैं नहीं खा सकता



**बीना, देशबन्धु।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी शुरू करवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसान बीना तहसील पहुंचे। किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और फसल को जहरीला बताकर खरीदी से बचने वाले अधिकारियों पर सीधा सवाल उठाया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मौके पर ही मूंग खाकर दिखाते हुये कहा व्यर्थ में मूंग को जहरीला बताया जा रहा है। हम खुद खा रहे हैं, इसमें कोई जहर नहीं है। इस बीच एक किसान ने अधिकारियों को मूंग देते हुये चुनौती दी और कहा साहब मूंग खाकर देखो, जहरीली है क्या? इस पर वहां मौजूद नायब तहसीलदार ने जवाब दिया मेरे मुंह में छाले हैं, मैं नहीं खा सकता। अधिकारियों के समय पर मौके पर नहीं पहुंचने से नाराज किसान तहसील के मुख्य गेट पर ही धरने पर बैठ गये और खरीदी चालू करने की मांग पर अड़े रहे। बाद में नायब तहसीलदार हेमराज मेहर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उनका ज्ञापन लिया। किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर ने कहा सरकार और प्रशासन किसानों को गुमराह कर रहे हैं। समर्थन मूल्य की घोषणा के बाद भी खरीदी केंद्र चालू नहीं हुये। व्यापारी मनमाने दामों पर मूंग खरीद रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खरीदी शुरू नहीं की गई तो सोमवार को अंबेडकर तिराहे पर सामूहिक धरना देंगे, जिसमें क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस दौरान देवेंद्र कुशवाहा, बृजभान लोधी, बाबूलाल, रामपाल, रामदयाल सहित कई किसान मौजूद रहे।

# अवैध शराब बिक्री नहीं रुकी तो कर लेगी सामूहिक आत्महत्या

## फांसी का फंदा लेकर बीना तहसील पहुंची महिलायें



**बीना, देशबन्धु।** लहरावदा गांव में अवैध शराब बिक्री के विरोध में महिलाओं ने तहसील कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। वे फांसी का फंदा लेकर पहुंची थीं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शराब बिक्री नहीं रुकी तो वे सामूहिक आत्महत्या कर लेंगी। महिलाओं ने तहसीलदार हेमराज मेहर को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। बताया कि गांव में कुछ लोग खुलेआम अवैध शराब बेच रहे हैं। इससे गांव की सामाजिक व्यवस्था बिगड़ रही है। युवा और बच्चे नशे की गिरफ्त में हैं। महिलायें घर से बाहर निकलने में असुरक्षित महसूस करती हैं। महिलाओं ने बताया कि शराब माफिया गांव के ही कुछ लोग हैं। वे बिना किसी डर के अवैध धंधा कर रहे हैं। महिलाओं ने प्रशासन से शराब कारोबारियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। प्रदर्शन में पुष्पा लोधी, ममता लोधी, कौशल्या, कमल, रीता, संजना, विशाल, अभिषेक और पवन राजपूत समेत कई महिलायें शामिल थीं। सभी ने थैले में रखी रस्सी दिखाते हुये कहा कि अगर प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाये तो वे आत्महत्या करने को मजबूर होंगी।

## डॉ गौर यूनिवर्सिटी में 1901 सीटों पर 8498 का रजिस्ट्रेशन

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर विषयों में प्रवेश लेने के लिये पहली काउंसलिंग 15 जून को होगी। विवि प्रबंधन तैयार कर रहा है। आवेदकों को 15 जून सुबह 10 बजे से पहले संबंधित विभाग में अपनी उपस्थिति विभागीय रजिस्टर में दर्ज करनी होगी। काउंसलिंग प्रक्रिया सुबह 11 बजे के बाद शुरू होगी और देर शाम तक चलेगी। आवेदक किसी कारणों से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकते हैं वे अपने शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं। विषयवार कट ऑफसूची विविकी वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश प्रकोष्ठ के मुख्य समन्वयक प्रो. दिवाकर शुक्ला ने बताया कि स्नातकोत्तर की कुल 1901 सीटों के लिये 8498 आवेदकों ने समर्थ पोर्टल पर पंजीयन कराया है। सबसे ज्यादा पंजीयन विधि विषय एलएलबी, फोरेसिंक विज्ञान, विभिन्न प्रबंधन विषय, कम्प्यूटर विज्ञान, बायोटेक्नोलाजी, मनोविज्ञान, माइक्रोवायोलाजी, प्राणीशास्त्र और भूगर्भ विज्ञान में है। प्रबंधन ने आवेदकों से अपील की है कि नई जानकारी के लिये विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। समय पर काउंसलिंग में पहुंचना होगा। क्योंकि देरी से आने वाले आवेदकों को काउंसलिंग में प्रवेश नहीं दिया जा सकता है। इसके लिए विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**पीजी के विषयों में प्रवेश की काउंसलिंग 15 जून को**

## नर्मदापथ के महायोगी अवधूत दादागुरु के कठोर साधना के 1700 दिन पूर्ण होने पर किया पौधारोपण



**सागर, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय स्त्री शक्ति मप्र द्वारा नर्मदापथ के महायोगी अवधूत दादागुरु की सदी की सबसे कठोर साधना के 1700 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय स्त्रीशक्ति मप्र की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने संबोधित करते हुये कहा कि हमारी प्रकृति आधारित प्राचीन सनातनी संस्कृति का जीवंत प्रामाणिक उदाहरण दादागुरु हैं जो विगत 1700 दिनों से मात्र नर्मदा जल ग्रहण कर सदी की सबसे कठिनतम अकल्पनीय प्रकृति, पर्यावरण की निर्विकार, निष्काम सेवा के सिद्ध संकल्प के साथ महाव्रत साधना कर रहे हैं। नर्मदा मिशन के संस्थापक दादागुरु का जीवन इस सदी का सबसे बड़ा रहस्य बना हुआ है जिस पर राज्य सरकार ने शोध करवाया साथ ही अमेरिका भी अब दादागुरु की जीवनशैली पर शोध करना चाहता है। ज्ञान विज्ञान को चुनौती देता दादागुरु का महाव्रत एक स्वस्थ, समर्थ व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प है जो कि खुशहाल व स्वस्थ जीवन की आधारशिला भी है। पौधारोपण कार्यक्रम में आंवला, नीम, आम, सिंदूर, जामुन आदि के पौधे लगाये गये व सभी को पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रज्ञा उपाध्याय, ज्योति गौतम, सुमन तिवारी आदि महिलायें कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

## डीएवी बीआर विद्यालय में शिक्षकों के लिये दो दिवसीय क्षमता वर्धक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल में बुधवार को शिक्षकों के लिये आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम ने शिक्षा जगत में नई प्रेरणा का संचार किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिरीष चंदेरकर जीएम एचआर बीआर रिफाइनरीज एलएमसी चेयरमैन ने किया। उन्हें वाणिज्य शिक्षिका अंजली अग्रवाल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि शिरीष चंदेरकर और विभिन्न विषयों जैसे गणित, कंप्यूटर विज्ञान तथा अंग्रेजी विषयों के 13 मास्टर ट्रेनर्स ने सम्मिलित होकर दीप प्रज्वलन किया। आयोजन में 61 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नई शिक्षण विधियों और तकनीकों को आत्मसात किया। शिरीष चंदेरकर ने अपने संबोधन में प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये सभी प्रतिभागियों एवं मास्टर ट्रेनर्स को शुभकामनायें दीं।

उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा जताई कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का पूर्ण उपयोग अपने शिक्षण कार्य में करें। गुरुवार को कार्यक्रम का समापन विदाई समारोह के साथ हुआ, जो विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी शिक्षकों एवं मास्टर ट्रेनर्स को प्राचार्य मिश्र द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्राचार्य मिश्र ने अपने संबोधन में शिक्षकों को प्रशिक्षण में प्राप्त उपकरणों और तकनीकों को कक्षा शिक्षण में अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन तथा समापन समारोह एवं धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी विषय के शिक्षक जेपी एंटनी ने किया।

## बुंदेलखंड विश्वकोश में पौधों के हिन्दी, स्थानीय एवं वैज्ञानिक नामों को स्थान दिया जाए: डॉ. जीएल दुबे



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड विश्वकोश योजना के अन्तर्गत वनस्पति समिति की बैठक प्रो. जीएल दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। डॉ. दुबे ने बुंदेलखंड में पाये जाने वाले पौधों के हिन्दी, स्थानीय एवं वैज्ञानिक नामों पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत डॉ. सरोज गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. इला तिवारी ने बुंदेलखंड में वृक्ष वनस्पति समिति की रुपरेखा प्रस्तुत की जिसमें वानस्पतिक क्षेत्र, फारेस्ट, नदी तालाब झरनों, निम्न पौधे, उच्च पौधे आदि पर विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. अखिलेश पटैरिया ने कहा कि पौधों का वर्गीकरण, संकटापन्न वनस्पति वृक्ष प्रजाति कुल्लू, बीजा, सलई, खमेर भिलवा तथा झाड़ी प्रजाति में वनकपास, शाक के अन्तर्गत सफेद मूसली काली तुलसी, विभिन्न फ्लोरा, रिसर्च को महत्व देते हुये सूक्ष्म जीवों के अध्ययन को भी आवश्यक बताया। संरक्षक डॉ. राजेश शुक्ला ने औषधीय महत्व के वृक्षों की चर्चा की। डॉ. प्रतिमा खरे ने बुंदेलखंड में आर्थिक और धार्मिक महत्व के पौधों पर प्रकाश डाला। रवीन्द्र देव चौबे ने बुंदेलखंड के पठार विलुप्त होती वनस्पतियों अमराई, आंवला, जमालगोटा, सफेदचंदन, काला शीशम की अनेकों प्रजातियों की बात की। सावित्री मौर्य ने औषधीय महत्व के वृक्षों पर किये अपने प्रोजेक्ट वर्क की जानकारी दी। जागेन्द्र कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बुंदेलखंड के वनों का क्षेत्रफल, भौगोलिक क्षेत्रफल भारतीय वन सर्वेक्षण आईसीएफआरआई द्वारा प्रकाशित महत्वपूर्ण तथ्यों को भी शामिल किया जाये।

## विधायक ने वृहद पौधारोपण की तैयारियों को लेकर वन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन ने दक्षिण वन मंडल कार्यालय में वन मंडल अधिकारी चंद्रशेखर सिंह एवं उनकी टीम के साथ बैठक कर आने वाले मानसून के पूर्व वृहद स्तर पर पौधारोपण करने को लेकर चर्चा की, उन्होंने धर्म श्री स्थित मंगलगिरि पहाड़ी जो लगभग 34.2 हेक्टेयर भूमि पर स्थित है इसके विस्तार को लेकर तथा इसे नगर के दूसरे सिटी फॉरेस्ट के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से चिन्हित करने पर विचार किया। उन्होंने बताया कि हम सौभाग्यशाली हैं कि शहर के बीचों बीच इतनी बड़ी जगह नगर वन के रूप में विकसित करने के लिए उपलब्ध हैं चूकी मंगलगिरी पहाड़ी पर पथरीला क्षेत्र हैं इसलिये इसमें नीम, सीताफल, आंवला, बेल, अमलतास, शीशम के पौधे जो इस क्षेत्र में सरवाइव कर रहे हैं। विधायक ने बताया कि हम प्रयास करेंगे कि यहां पर हम बड़े साइज पौधे लगाये ताकि यह जल्दी विकसित हो सके। मंगलगिरि पर 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखना होगा, जिनके गड्ढे करने का काम अभी से शुरू कर दिया जाये। इस अवसर पर रेंजर लखन सिंह ठाकुर सहित स्टाफ के अन्य लोग उपस्थित थे।

## अभियान चलाकर समग्र ई केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करायें: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने समग्र ई.केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समग्र ई.केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मई से बढ़ाकर 15 जून कर दी गई है, अतः सभी अधिकारी निर्धारित समयसीमा में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सुनिश्चित करें। निर्देश दिये कि समग्र पोर्टल पर दर्ज डुप्लीकेट समग्र आईडी का यथाशीघ्र सत्यापन कर उन्हें विलोपित किया जाये। परिवार आईडी के आधार पर सदस्य आईडी चिन्हित कर जिनकी ई.केवाईसी अब तक नहीं हुई है, उनकी ई.केवाईसी अनिवार्य रूप से कराई जाये। जिन समग्र आईडी की ई.केवाईसी पहले ही राशन पोर्टल पर अद्यतन की जा चुकी है, उनकी भी समग्र ई.केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये।

## सर्पदंश एवं हार्ट अटैक के उपयोग होने वाले इंजेक्शन विकासखंड पर उपलब्ध कराने हेतु उप मुख्यमंत्री मंत्री से की मांग



**सागर, देशबन्धु।** सागर प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला से भाजपा स्वयंसेवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक प्रासुक जैन ने जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेंद्र जैन, जगन्नाथ गुरैया एवं जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन के साथ ज्ञापन सौंपकर मांग की। ज्ञापन के माध्यम से प्रासुक जैन ने मांग की है कि वर्षा ऋतु में सर्पदंश एवं अन्य कीटदंश के मामलो में वृद्धि आती है, जिसमें अधिकतर केस ग्रामीण स्तर पर दर्ज होते है, परन्तु एंटी स्नैक वीनम अस्वद्ध इंजेक्शन की उपलब्ध जिला मुख्यालय पर होती है, जहां तक पहुंचने में समय लग जाता है, जिस कारण पीड़ित के शरीर में जहर फेलने का खतरा बढ़ जाता है एवं जान जाने की खतरा बना रहता है। इसी प्रकार हृदयाघात, पक्षाघात की स्थिति में विकासखण्ड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी जिला मुख्यालय से अधिक होने के कारण पीड़ित को समय पर उपचार नहीं मिल पाता एवं जान का खतरा होता है। इसलिये कुछ आवश्यक जीवन रक्षक इंजेक्शन विकासखण्ड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध कराया जाना अतिआवश्यक है। चूंकि ये विदित है प्रत्येक केन्द्र पर वैक्शीनेशन की व्यवस्था होने के कारण रेफ्रीजेटर एवं कोल्ड सप्लाई चेन की उपलब्धता पहले से है। इसलिये इसको शीघ्र प्रारंभ करने में कोई परेशानी नहीं होगी एवं ना ही शासन को इसका कोई आर्थिक भार होगा। मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने विषय की गंभीरता देखते हुये अभिलंब सार्थक कार्यवाही हेतु आश्वासित किया है।

## पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न लेने में नहीं हो कोई असुविधा: राजपूत

**सागर, देशबन्धु।** मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम एनएफएसए के अंतर्गत प्रदेश में 5 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को प्रति माह लगभग 2 लाख 90 हजार मीट्रिक टन निः शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। सभी 27 हजार 944 उचित मूल्य दुकानों में पीओएस मशीन स्थापित की जा चुकी हैं। मंत्री राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। उचित मूल्य दुकानों में परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन ओटीपी के माध्यम से राशन प्राप्त किया जा सकता है। इसके तहत यह लोग जिस व्यक्ति को नामांकित कर देते हैं, उन्हें खाद्यान्न प्रदान किया जाता है। राशन वितरण की सूचना हितग्राही को एसएमएस के माध्यम से भी देने का प्रावधान है। प्रदेश में लगभग 653 उचित मूल्य दुकानें शेडो एरिया में हैं, इसलिये यहां पर समग्र परिवार आईडी के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जाता है।


**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी उत्तर वन मंडल सागर**

फोन नं. 07582-236337, Email-dfotnsagar@mp.gov.in,

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2543 / ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनाँक 09.06.25

वन मंडल अधिकारी उत्तर सागर द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम संशोधन अधिनियम-2022 के अंतर्गत भवन निर्माण सामाग्री एवं वृक्षारोपण हेतु आवश्यक सामाग्री की निविदा आंमत्रित की जा रही है।

सामाग्री का विवरण, निविदा दस्तावेज से संबंधित विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर प्राप्त किया जा सकता है। इक्छुक निविदाकार पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान कर दस्तावेज दिनांक **20.06.2025** तक पोर्टल से प्राप्त कर सकतें है। निविदा से संबंधित समस्त जानकारी वेबसाईट https://mptemders.gov.in पर देखी जा सकती है।

जी-14333/25

**वनमण्डल अधिकारी**
**उत्तर वन मंडल सागर**



**CHANGE OF NAME**

WE , GOWARDHAN & SUNANADA ARE PARENTS OF ARMY NO - 4579550H RANK HAV NAME SHIRSAT PRASHANT GOWARDHAN SERVING IN 2 MAHAR HOME ADDRESS VILL - AGAR , POST - AGAR , TEH - AKOLA , DIST - AKOLA , STATE - MH , PIN - 444001 HAVE CHANGED MY NAME FROM GOWARDHAN TO GOVERDHAN JANU SIRSAT AND CHANGED FROM SUNANADA TO SUNANDA GOVARDHAN SHIRSAT IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , CHITRAKALA MOTHER OF ARMY NO - 15582654H RANK NK NAME FANENDRA BHASHKAR PARDHI SERVING IN 109 RAPID(S) ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS AT CHIREKHANI , CHIREKHANI, KAWALEWADA , GONDIYA , TIRORA , MAHARASHTRA, 441911 HAVE CHANGED MY NAME FROM CHITRAKALA TO CHITRAKALA BHASHKAR PARDHI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 13/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 15582654H RANK NK NAME PARDHI FANENDRA BHASHKAR SERVING IN 109 RAPID(S) ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS AT CHIREKHANI , CHIREKHANI, KAWALEWADA , GONDIYA , TIRORA , MAHARASHTRA, 441911 HAVE CHANGED MY NAME FROM PARDHI FANENDRA BHASHKAR TO FANENDRA BHASHKAR PARDHI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 13/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SUMAN IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF NO - JC 572476L RANK SUB (HONY LT) NAME VIKRANT CHAUDRY SERVING IN 1 MAHAR HOME ADDRESS AT - DERVESHPUR , POST - BOHICH , DERVESHPUR, BULANDSHAHR , UTTAR PRADESH, 202395 HAVE CHANGED MY NAME FROM SUMAN TO SUMAN DEVI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 13/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SANJIWANI MOTHER OF NO - 4579818P RANK HAV NAME JAWANJAL JAYKUMAR BABURAO PRESENTLY RESIDING AT VILL RATANPUR, PO - KARANJA , DIST - AMRAVATI, STATE - MAHARASHTRA PIN - 44809 HAVE CHANGED MY NAME FROM SANJIWANI (OLD NAME)TO SANJIVANI BABURAO JAWANJAL( NEW NAME ). VIDE AFFIDAVIT DATED 21/04/2025 BEFORE NOTARY, GOVT OF INDIA, MADHYA PRADESH.

**CHANGE OF NAME**

I , AJORIYA DEVI MOTHER OF NO - JC 572417Y RANK SUB NAME INDRAJEET YADAV PRESENTLY RESIDING AT VILL - BANSPAR NUTAN , POST - PEPARPATI TIWARI, TEH - MAHARAJGANJ, DIST - MAHARAJGANJ, STATE - UTTAR PRADESH, PIN CODE - 273302 HAVE CHANGED MY NAME FROM AJORIYA DEVI ( OLD NAME ) TO AJORA DEVI (NEW NAME ) . VIDE AFFIDAVIT DATED 13/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , BAL KARAN YADAV FATHER OF NO - JC 572417Y RANK SUB NAME INDRAJEET YADAV PRESENTLY RESIDING AT VILL - BANSPAR NUTAN , POST - PEPARPATI TIWARI, TEH - MAHARAJGANJ, DIST - MAHARAJGANJ, STATE - UTTAR PRADESH, PIN CODE - 273302 HAVE CHANGED MY NAME FROM BAL KARAN YADAV (OLD NAME ) TO BALIKARAN YADAV (NEW NAME ) . VIDE AFFIDAVIT DATED 13/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , HARI PRASAD GUPTA FATHER OF NO - 4580130P RANK L HAV NAME MUKESH VERMA PRESENTLY RESIDING AT 'C' TYPE COLONY H.T.I FACTORY, DWARIKAPURI , P.O - NAMKUM , P.S - NAMKUM , DWARIKAPURI, RANCHI, JHARKHAND, 834010 HAVE CHANGED MY NAME FROM HARI PRASAD GUPTA (OLD NAME) TO HIRA PRASAD GUPTA (NEW NAME). VIDE AFFIDAVIT DATED 13/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SMT SEEMA PRAVIN BANSOD IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4580879Y RANK LNK NAME BANSOD PRAVIN NAMDEO HOME ADDRESS AT POST - GANGALGAON, TEH - CHIKHLI , DIST - BULDHANA, STATE - MAHARASHTRA, PIN - 443201 HAVE CHANGED MY NAME FROM SMT SEEMA PRAVIN BANSOD TO SEEMA PRAVIN BANSOD IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 13/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P



**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./829/ 2025 पन्ना, दिनांक- 16.04.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-भारतेन्द्र रैवार उम्र 24 वर्ष पुत्र श्री संतोष कुमार रैकवार
निवासी-वार्ड नं. 12 गांधी वार्ड पुराना पावर हाउस पन्ना
तहसील पन्ना जिला पन्ना

**एवं**

शिवानी कश्यप उम्र 21 वर्ष पुत्री श्री राजेन्द्र रायकवार
निवासी-जी.डी. मिशन स्कूल के पास नन्दनपुरा झांसी
तहसील झांसी जिला झांसी उत्तर प्रदेश

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक **15 अप्रैल 2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।

प्रकरण में सुनवाई तिथि-**15 मई 2025**

**( नीलाम्बर मिश्र )**
**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी-पन्ना, जिला पन्ना ( म.प्र. )**

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./913/ 2025 पन्ना, दिनांक- 21.05.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-बृजेश रैकवार उम्र 30 वर्ष पुत्र श्री कद्दू रैकवार
निवासी-ग्राम अतरहाईपोस्ट पटना,
तहसील पवई जिला पन्ना म.प्र.

**एवं**

लक्ष्मी रैकवार (विधवा) उम्र 21 वर्ष पति स्व.श्री संतोष रैकवार
निवासी-ग्राम अतरहाई पोस्ट पटना, तहसील पवई जिला पन्ना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक **16 मई 2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।

प्रकरण में सुनवाई तिथि-**16.जून .2025**

**( नीलाम्बर मिश्र )**
**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी-पन्ना, जिला पन्ना ( म.प्र. )**



**CHANGE OF NAME**

I , MINA IS MOTHER OF ARMY NO - 4580878W RANK LNK NAME ARAKH VINOD DILIP SERVING 61 BDE CAMP HOME ADDRESS AT POST - GANGALGAON , TH - CHIKHLI , DIST - BULDHANA , STATE - MAHARASHTRA , 443201 HAVE CHANGED MY NAME FROM MINA TO MINA DILIP ARAKH IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 13/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SURENDER IS FATHER OF ARMY NO - 18024869W RANK SPR NAME SAHIL SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS AT 628, DHAMAR , DHAMAR (62) , ROHTAK , HARYANA, PIN - 124401 HAVE CHANGED MY NAME FROM SURENDER TO SURENDER SINGH IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 13/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P



**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./822/ 2025 पन्ना, दिनांक- 16.04.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-अखिलेश कुशवाहा उम्र 32 वर्ष पुत्र स्व.श्री बिहारी कुशवाहा
निवासी-वार्ड नं. 26 किशोर सागर छतरपुर
तहसील छतरपुर जिला छतरपुर म.प्र.

**एवं**

गोमती कुशवाहा (विधवा) उम्र 30 वर्ष पति स्व.श्री मुकेश कुशवाहा
निवासी-वार्ड नं. 17 रानीगज मोहल्ला पन्ना, तहसील पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक **09 अप्रैल 2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।

प्रकरण में सुनवाई तिथि-**09 मई 2025**

**( नीलाम्बर मिश्र )**
**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी-पन्ना, जिला पन्ना ( म.प्र. )**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सांगर (म.प्र.)**

दूरभाष 07582-224269 E-mail: eephe_sagar@yahooco.in

क्रं. 1662/निविदा प्रकोष्ठ/का.यं./ लो.स्वा.यां. खण्ड/सागर दिनांक 11.06.2025

**संक्षिप्त निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से सागर खण्ड के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं http://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 25.06.2025 सायं 05.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्रं. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य की अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06/11.06.2025 | 2025_PHED_430257_1 | 16.49 लाख | 32980/- | 2000/- |

निविदा में संशोधन ऑनलाइन ही देखे जा सकेंगे।

जी-14285/25

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वा.यां खंड सागर**

# खेल परिसर में चेजिंग रूम और लॉकर होंगे तैयार: कलेक्टर

## मैदान पर सीसीटीवी कैमरे लगेगे, मेडिकल टीम फील्ड पर रहेगी

**सागर, देशबन्धु।** शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों और सामान्य युवाओं को खेल में आगे बढ़ाने के लिये कार्ययोजना तैयार की गई है। खेल परिसर में खिलाड़ियों के लिये चेजिंग रूम, लॉकर रूम तैयार किये जायेंगे। खेल परिसर की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी होगी। साथ ही खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिये पूरे समय मेडिकल की टीम उपस्थित रहेगी।



कलेक्टर संदीप जीआर ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से सभाकक्ष में संवाद करते हुये संबंधित अधिकारियों से कहा। कलेक्टर ने जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों और खेल प्रशिक्षकों से संवाद करते हुये उनके विचार और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी की समस्याओं का जल्द निराकरण किया जायेगा। शहरी विद्यार्थियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों को उनके खेल के अनुसार चयनित कर जिला स्तर पर उनको आगे बढ़ाने का कार्य करें। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये सागर में रुकने के लिये खेल छात्रावास की भी शुरुआत की जायेगी, जिससे कि खिलाड़ियों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। संवाद के दौरान बताई गई समस्याओं में टेबल टेनिस, बैडमिंटन कोर्ट की संख्या बढ़ाने, परिसर में साफ सफाई, पानी टैंक की व्यवस्था, लॉकर, चेंजिंग रूम की आवश्यकता, खिलाड़ियों के बैठने के लिये स्टैंड, बोट क्लब पर पीने के पानी की व्यवस्था, आरगोमीटर, बोट, पैडल की आवश्यकता, कबड्डी के लिये मिट्टी के मैदान की आवश्यकता बताई गई। खेल परिसर में सुबह और शाम के समय बाहरी व्यक्तियों द्वारा घूमने के दौरान खिलाड़ियों को असुविधा होती है। ऐसे में बाहरी व्यक्तियों को परिसर में प्रतिबंधित करने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने खेल परिसर में बाहरी व्यक्तियों को घूमने के लिये खिलाड़ियों के खेल के समय के अतिरिक्त ही प्रवेश दिये जाने कहा। उन्होंने कहा कि सभी परिसर में काम करने वाले और खेलने वाले व्यक्तियों के प्रवेश पत्र बनाये जायें। परिसर के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जाये। शाम के समय सेना के सेवानिवृत्त कर्मचारी की सुरक्षा ली जाये। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला खेल अधिकारी प्रदीप अविद्रा, डीपीसी गिरीश मिश्रा, मिलिन्द देवस्कर, वीनू राणा समेत कोच और खिलाड़ी मौजूद थे।

# स्लीपर बस से 10 पेटी अवैध शराब जब्त, ड्राइवर कंडक्टर गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** मोतीनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। शुक्रवार को मोतीनगर पुलिस ने एक यात्री स्लीपर बस से 10 पेटी देशी शराब बरामद की। यह बस भोपाल से सागर की ओर आ रही थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुये बस ड्राइवर और कंडक्टर को मौके से गिरफ्तार किया। मोतीनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शक्ति ट्रेवल्स की स्लीपर बस एमपी 40 जेडई 4929 में अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गठित कर मोतीनगर चौराहे पर घेराबंदी की गई। जैसे ही बस वहां पहुंची, टीम ने उसे रोककर जांच शुरू की। बस की डिक्की खोलने पर पुलिस को 10 पेटी देशी शराब मिली। पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम राज पिता बटनलाल मालवीय 24 निवासी आनंद नगर भोपाल बताया। वहीं कंडक्टर की पहचान मनोज पिता मथुरा प्रसाद तिवारी 45 निवासी सिरसौदा रायसेन के रूप में हुई। मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी ड्राइवर और कंडक्टर को गिरफ्तार कर बस व शराब जब्त कर ली गई है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। उनसे यह भी पूछा जा रहा है कि यह शराब कहां से लाई गई थी और किसे दी जानी थी।

# बीफार्मा छात्र की मौत पर गौर यूथ फोरम ने जताया आक्रोश


**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीफार्मा अंतिम सेमेस्टर के छात्र आशीष अहिरवार की हाल ही में हुई दर्दनाक दुर्घटना में मौत और तीन अन्य छात्रों के घायल हो जाने की घटना को लेकर गौर यूथ फोरम ने विवि प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया है। फोरम ने इस मामले में विवि प्रशासन को चेतावनी देते हुये कहा है कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। गौर यूथ फोरम के विवि परिक्षेत्र अध्यक्ष हिमांशु तिवारी, प्रदेश महामंत्री विश्वजीत सिंह और जिलाध्यक्ष अक्षत जैन ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुये कहा कि मृतक छात्र आशीष अहिरवार के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाये और घायल छात्रों का संपूर्ण इलाज विवि प्रशासन अपने खर्च पर करवाये। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई, तो फोरम विवि में उग्र प्रदर्शन करेगा। फोरम ने आरोप लगाया कि विवि प्रशासन प्रत्येक छात्र से नियमित रूप से मेडिकल शुल्क और बीमा प्रीमियम के नाम पर राशि वसूलता है, परंतु अब तक किसी भी छात्र को बीमा लाभ नहीं दिया गया है। यह स्पष्ट रूप से प्रशासन की लापरवाही और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ को दर्शाता है। फोरम पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि विवि के अस्पताल में पिछले तीन वर्षों से दवाइयों का भारी अभाव है। मेडिकल फीस किस बात की ली जाती है, जब छात्रों को इलाज के लिये बाहर की दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं यह सवाल फोरम ने प्रशासन के समक्ष खड़ा किया। इस गंभीर घटना के मद्देनजर गौर यूथ फोरम ने घोषणा की है कि आगामी 20 जून को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह के अवसर पर जब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय पधारेंगे, तब फोरम का प्रतिनिधिमंडल उनसे भेंट कर इस मुद्दे पर विस्तृत जानकारी देगा। इसके अतिरिक्त, फोरम केंद्रीय शिक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर विवि की स्थिति से अवगत करायेगा।

# बीटीआईआरटी और एमपी ऑनलाइन के बीच समझौता ज्ञापन पर हुये हस्ताक्षर



**सागर, देशबन्धु।** बाबूलाल ताराबाई इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी ने एमपी ऑनलाइन के साथ टीसीएस आयन प्लेसमेंट सफलता कार्यक्रम पीएसपी के सफल संचालन हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे संस्थान परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें अनेक विशिष्ट अतिथि, संस्थान के प्रबंधन, शिक्षक तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमपी ऑनलाइन की ओर से उपस्थित विशिष्ट अतिथि थे जिनमें डॉ. शिव शंकर पवार, एचआर एवं प्री.सेल्स हेड हरिकांत गोस्वामी, असिस्टेंट कंसल्टेंट, सुमनप्रीत होरा, एसोसिएट कंसल्टेंट प्रशांत सिंह ठाकुर, असिस्टेंट कंसल्टेंट नरेश रैकवार, जिला समन्वयक सागर एवं बीटीआईआरटी ओर से संतोष जैन घड़ी चेयरमैन बीटी ग्रुप, डॉ. सत्येन्द्र जैन सचिव बीटी ग्रुप डॉ. वीरेश फुस्केले प्राचार्य, डॉ. सुबोध जैन सदस्य बीटी सलाहकार समिति, सभी विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इस ऐतिहासिक पहल में भाग लिया। टीसीएस आयन प्लेसमेंट सफलता कार्यक्रम पीएसपी एक 20 सप्ताह का गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक और कोर स्किल्स से सशक्त बनाना है, जिससे वे वर्तमान औद्योगिक वातावरण में प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। एमपी ऑनलाइन की जानकारी के अनुसार यदि कोई छात्र तीनों मूल्यांकन मानदंडों एनक्यूटीए एनपीटी और ईपीटी को सफलतापूर्वक पूर्ण करता है, तो उसे 100 प्रतिशत प्लेसमेंट प्राप्त हो सकती है। यह कार्यक्रम केवल बीटीआईआरटी के लिये ही नहीं, बल्कि सागर जिले के सभी कॉलेजों के छात्रों के लिए भी खुला रहेगा। बीटीआईआरटी को इस कार्यक्रम के लिये आधिकारिक प्रशिक्षण केंद्र घोषित किया गया है। यह पहल छात्रों को करियर के लिये तैयार करने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की नौकरियों के लिये सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन देवग्या मुखर्जी द्वारा गरिमापूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न हुआ।










स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।